# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

विनोवापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।

**E- mail:-** upjnrsultanpur@upjn.co.in


पत्रांक 4936 / W-19 / 110 दिनांकः– 12 / 08 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–<u>दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर **''धनपतगंज में जल जीवन मिशन पाइप लीकेजः प्रतिदिन हजारों लीटर पेयजल बर्बाद, विभाग बेखबर''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड–बल्दीराय के अन्तर्गत पीपरगांव पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मुम्बई द्वारा करवाया गया है। ग्राम में शत्–प्रतिशत् जलापूर्ति भी किया जा रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा गंदे पानी के निकासी हेतु जे0सी0बी0 से नाली की सफाई करवाया जा रहा था जिस कारण एम0डी0पी0ई0 पाइप क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसका कार्यदायी फर्म द्वारा मरम्मत कर पुनः जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया गया (फोटोग्राफ संलग्न) है। जू0इं0 एवं कार्यदायी फर्म के साइट इंजीनियर द्वारा ग्रामों में निरन्तर विजिट किया जाता है एवं प्राप्त लीकेजों को तत्काल मरम्मत करा दिया जाता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

Digitally signed by VAQAR HUSAIN
Date: 2026.08.12 12:28:32 +05'30'

(वकार हुसैन)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक :–उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर।
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता / श्री रामू मौर्या, जूनियर इंजीनियर।
8. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मुम्बई।

अधिशासी अभियन्ता

# <u>विकासखण्ड–बल्दीराय के अन्तर्गत पीपरगांव पाइप पेयजल योजना के कार्यस्थल का फोटोग्राफ</u>









# विकासखण्ड–बल्दीराय के अन्तर्गत पीपरगांव पाइप पेयजल योजना पर प्राप्त लीकेज के मरम्मत कार्य पूर्ण एवं जलापूर्ति का फोटोग्राफ






विकासखण्ड–बल्दीराय के अन्तर्गत पीपरगांव पाइप पेयजल योजना से जलापूर्ति प्राप्त कर रहे लाभार्थियों का फोटोग्राफ




Shri Puneet Pandey




Shri Dileep Upadhya




Shri Sanjay

# धनपतगंज में जल जीवन मिशन पाइप लीकेज: प्रतिदिन हजारों लीटर पेयजल बर्बाद, विभाग बेखबर

रीता तिवारी |
पीपरगांव(बल्दीराय), सुलतानपुर
1 दिन पहले



जल जीवन मिशन पाइप लीकेज

धनपतगंज क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल आपूर्ति पाइपलाइनों में लीकेज के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। लीकेज से सड़कों पर पानी फैल रहा है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इसके बावजूद, संबंधित विभाग इस समस्या को ठीक करने के प्रति उदासीन बना हुआ है।

एक ओर 'जल ही जीवन है, इसकी हर बूंद को बचाना है' जैसे नारे बुलंद किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन ही इसे महत्वहीन साबित कर रहा है। विकास खंड की कई ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति पाइपलाइनों में

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें
वीडियो और देखें
आज का राशिफल मेष

लाइफ - साइंस
मध्य प्रदेश
उत्तरप्रदेश
राजस्थान
बिहार
यूपी खास

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on


हरौला कस्बे में चकिया मोड़ के पास आपूर्ति लाइन टूटी हुई है, और कई नलों में टोंटी तक नहीं है। कुछ स्थानों पर सड़क की पटरी पर मरम्मत के बाद गड्ढों को पाटने का काम भी विभाग ने जरूरी नहीं समझा। पानी के फैलाव से सड़कों पर कीचड़ और गंदगी जमा हो गई है, जिससे राहगीरों के फिसलकर चोटिल होने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

कस्बे के पुनीत पांडे, संजय, दिलीप उपाध्याय और जंगबहादुर जैसे स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि विभाग लीकेज रोकने के प्रति गंभीर नहीं है। इस संबंध में जब विभाग के जेई आदित्य सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने मोबाइल फोन उठाना उचित नहीं समझा।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us


## खबरें और भी हैं...

**पड़ोसी ने महिला को किया परेशान, बच्ची के सामने अश्लीलता:** सुल्तानपुर में मारपीट का भी आरोप, पुलिस ने मां-बेटे पर दर्ज किया केस




सुलतानपुर ›

**सुल्तानपुर में अबॉर्शन के बाद महिला की मौत का मामला:** संचालक समेत 2 के विरुद्ध केस दर्ज, CMO के निर्देश पर अवैध हॉस्पिटल सील




सुलतानपुर ›

**'भाजपा विधायक हम दोनों भाइयों को मरवा देंगे':** सुलतानपुर में SP ऑफिस पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख, बोले- हत्या की साजिश हो रही




सुलतानपुर ›

**हरौरा बाजार में 40 बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ



पीपरगांव(बल्दीराय) ›

**सुल्तानपुर में मरीज की मौत पर हंगामा:** अबॉर्शन के चलते बिगड़ी हालत, डॉक्टर और स्टॉफ फरार हुए




पॉजिटिव- कोई सरकारी काम अटका हुआ है, तो उसका समाधान मिलने की अच्छी संभावना है। विद्यार्थी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देंगे। घर में किसी शुभ कार्यक्रम की योजना बन सकती है। परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। नेगेट...

और पढ़ें



Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें